

NSW शिक्षा विभाग

# NSW के सरकारी स्कूलों में YEAR 7 में दाखिला

## अपनी संतान के कक्षा 6 से 7 कक्षा में स्थानांतरण शुरू करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें।

### आपकी संतान का स्थानीय स्कूल

NSW की सरकारी शिक्षा प्रणाली सभी विद्यार्थियों को विश्व-स्तरीय शिक्षा प्रदान करती है, और आजकल के बच्चों को सफल होने और आने वाले कल के लिए बेहतर समुदायों का निर्माण करने के लिए तैयार करती है। हमारे विविध और समावेशी सरकारी स्कूल प्रत्येक विद्यार्थी को उनके संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुँचने में सहायता देने के लिए समर्पित हैं।

NSW के अधिकांश सरकारी स्कूलों के नामांकित भर्ती क्षेत्र होते हैं ताकि स्कूली आयु वाले सभी बच्चे सरकारी स्कूल – अपने स्थानीय स्कूल - में भाग लेने के पात्र हो सकें। NSW में अधिकांश माता-पिता और देखभालकर्ता अपनी संतान के लिए उत्कृष्टतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अपने स्थानीय स्कूल का चयन करते हैं।

पूरे राज्य में सभी स्कूल उच्च-दर्जे के शैक्षिक कार्यक्रमों की व्यापक श्रृंखला, और साथ ही विज्ञान, टैकनोलॉजी, इंजीनियरिंग, गणित, कला, खेलकूद जैसे क्षेत्रों तथा और भी अधिक क्षेत्रों में बेहतरीन सह-पाठयक्रम अवसर प्रदान करते हैं।

स्थानीय स्कूल सभी क्षमता स्तरों के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, इनमें उच्च क्षमता और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चुनौती देने वाले प्रतिभा विकास कार्यक्रम तथा प्रक्रिया और अतिरिक्त शिक्षा-प्राप्ति तथा समर्थन आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम शामिल हैं। वे व्यापक प्रकार की अतिरिक्त-पाठ्यक्रम गतिविधियों की पेशकश भी करते हैं। यह पता करने के लिए कि आपकी संतान की सहायता करने हेतु कौन से अवसर उपलब्ध हैं, आप अपने स्थानीय स्कूल से संपर्क कर सकते हैं।

आपकी संतान का स्थायी निवास पता यह निर्धारित करता है कि कौन सा स्कूल आपकी संतान का स्थानीय स्कूल है। schoolfinder.education.nsw.gov.au पर उपलब्ध स्कूल फाइंडर (School Finder) टूल स्थानीय स्कूल का पता लगाने में आपकी मदद कर सकता है।

बहु-कैंपस वाले कॉलेज भी होते हैं जिसमें कई स्कूल या कैंपस शामिल हैं और हर स्कूल या कैंपस की अलग-अलग क्षेत्रों में विशेषज्ञता होती है। जैसे कि, जूनियर कैंपस (Years 7-9 या 7-10), सीनियर कैंपस (Years 10-12 या 11-12), अकादमिक तौर पर चयन किए गए कैंपस, सह-शिक्षा कैंपस और एकल-लैंगिक कैंपस।

ऐसे केन्द्रीय स्कूल भी होते हैं जो कई ग्रामीण और पृथक समुदायों को अपने बच्चों को एक ही स्कूली परिवेश में Kindergarten से लेकर Year 12  तक शिक्षित करने का अवसर देते हैं। कई केन्द्रीय स्कूल अलग-अलग स्कूलों में अध्यापकों और विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए टैकनोलोजी का प्रयोग करते हैं ताकि कई प्रकार के विषय प्रदान किए जा सकें। केन्द्रीय स्कूल व्यापक प्रकार की अतिरिक्त-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ भी प्रदान करते हैं।

विभाग की ऑनलाइन नामांकन प्रणाली हाई स्कूल में स्थानांतरण के लिए सहायता करती है। यदि आप ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं या आप ऐसा नहीं करना चाहते/ती हैं, तो कृपया इस पुस्तिका के पृष्ठ 5 पर शुरू होने वाला फॉर्म पूरा करें। भरे हुए फॉर्म को अपनी संतान के प्राइमरी स्कूल में लौटाएँ।

अधिक जानकारी इस पर उपलब्ध है
education.nsw.gov.au/public-schools/going-to-a-public-school/enrolment/high-school-enrolment

# स्कूलों के अन्य विकल्प

**हो सकता है कि आपके ऐसे कारण हों कि आप अपनी संतान को अपने स्थानीय स्कूल के अलावा किसी अन्य स्कूल भेजना चाहते/चाहती हों।**

## गैर-स्थानीय स्कूल

नामांकित भर्ती क्षेत्र वाले स्कूलों की भर्ती सीमा होती है – स्कूल के स्थायी आवास के आधार पर भर्ती किए जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या। भर्ती सीमा हमें बताती है कि क्या स्कूल गैर-स्थानीय भर्तियों को स्वीकार कर सकता है या नहीं। भर्ती सीमा के अंतर्गत, कुछ स्कूल वर्ष के दौरान आने वाले स्थानीय विद्यार्थियों के लिए स्थान खाली रखने के लिए स्थानीय भर्ती सीमा स्तर तय करते हैं।

जो स्कूल अपनी नामांकन सीमा से नीचे हैं, वे तब तक गैर-स्थानीय नामांकन स्वीकार कर सकते हैं जब तक कि स्कूल अपनी नामांकन सीमा को पूरा नहीं कर लेता है।

जो स्कूल अपनी नामांकन सीमा के पास पहुँच रहे हैं या इससे ऊपर हैं, वे गैर-स्थानीय विद्यार्थियों को स्वीकार कर सकते हैं। सभी स्कूलों को NSW के सरकारी स्कूलों की नीति में विद्यार्थियों के नामांकन में दर्शाए गए गैर-स्थानीय नामांकन मानदंड को ध्यान में रखते हुए गैर-स्थानीय नामांकन आवेदनों पर विचार करना होगा।

वे स्कूल जहाँ विद्यार्थियों की संख्या उस स्कूल की भर्ती सीमा से अधिक हो जाए या सीमा तक पहुँचने वाली हो, वहाँ स्कूलों को आवेदनों पर विचार करने के लिए चयन समिति स्थापित करनी होगी।

## उच्च क्षमता और प्रतिभाशाली शिक्षा

उच्च क्षमता और प्रतिभाशाली शिक्षा (High Potential and Gifted Education (HPGE)) की पेशकश सभी सरकारी स्कूलों में की जाती है ताकि सामर्थ्य के चारों क्षेत्रों – रचनात्मकता, बौद्धिकता, शारीरिक और सामाजिक-भावनात्मक में प्रतिभा का विकास किया जा सके। इसमें शामिल है:

- विस्तार, संवर्धन और शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम
- अंतर-स्कूल कार्यक्रम और प्रतिस्पर्धाएँ
- प्रणाली-स्तरीय प्रतिभा विकास अवसर जैसे कि रिपरेसेन्टेटिव स्पोर्ट पॉथवे और स्कूल स्पेक्टेकूलर।

HPGE के बारे में और अधिक जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: education.nsw.gov.au/teaching-and-learning/high-potential-and-gifted-education

## विशेषज्ञ स्कूल

विशेषज्ञ स्कूल (स्पेशलिस्ट स्कूल) सेकन्डरी शिक्षा देते हैं जो विशिष्ट निपुणता या रुचि पर केन्द्रित होती है। स्पेशलिस्ट स्कूलों को रचनात्मकता व प्रदर्शन कलाओं, भाषाओं, टेक्नालजी (जिसमें समुद्रीय टेक्नालजी व ग्रामीण टेक्नालजी शामिल है), कृषि व खेल-कूद के लिए स्थापित किया गया था।

इनमें से कुछ स्पेशलिस्ट स्कूलों में नामांकन का तरीका प्रदर्शन या स्वर-परीक्षण (ऑडीशन) भी हो सकता है।

## अकादमिक दृष्टि से चलाए जाने वाले सिलेक्टिव स्कूल

पूरे या आंशिक तरह के अकादमिक दृष्टि से चलाए जाने वाले सिलेक्टिव स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र देने की कार्यविधि जब विद्यार्थी Year 5 में होता है तभी आरम्भ हो जाती है और आम नामांकन कार्यविधि से लंबी होती है।

आवेदन-पत्र केवल ऑनलाईन ही उपलब्ध है। कृपया ध्यान दें कि देरी से दिए गए आवेदन-पत्र नहीं लिए जाएँगे।

अकादमिक दृष्टि से चलाए जाने वाले सिलेक्टिव स्कूलों की सूची व नामांकन की कार्यविधि का विवरण इस वेबसाईट पर उपलब्ध है: education.nsw.gov.au/schooling/parents-and-carers/choosing-a-school-setting/selective-high-schools

## सहायता कक्षाएँ और विशिष्ट उद्देश्य के लिए स्कूल

मुख्यधारा के स्कूल या विशिष्ट उद्देश्य के लिए स्कूल में सहायता कक्षा में स्थान देने (प्लेसमेंट) के विषय में सोच-विचार, स्थान देने की कार्यविधि द्वारा प्रबन्धित किया जाता है।

विकलाँगता और अतिरिक्त शिक्षा-प्राप्ति तथा सहायता आवश्यकताओं वाले अधिकांश विद्यार्थियों को उनके स्थानीय स्कूल में उपलब्ध संसाधानों द्वारा सहायता दी जाएगी। कुछ सेकेंडरी स्कूलों में विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों की अतिरिक्त शिक्षा-प्राप्ति और सहायता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता कक्षाएँ होती हैं।

आपकी संतान के प्राईमरी स्कूल के प्रिंसिपल आपकी संतान के लिए सही स्कूली शिक्षा विकल्प का पता लगाने में आपकी मदद करेंगे, और ऐसा करने में वे आपके विकल्प, आपकी संतान की विशिष्ट शिक्षा आवश्यकताओं और स्थानीय विशेषज्ञ सेवाओं से समीपता को ध्यान में रखेंगे।

## तीव्र गति से अंग्रेज़ी पढ़ाने के केन्द्र

जिन हाई स्कूलों में गहन अंग्रेज़ी पढ़ाई जाती है उनके बारे में जानने के लिए स्कूल ढूँढने के उपकरण (School Finder) का उपयोग करें जो इस पते पर उपलब्ध है: schoolfinder.education.nsw.gov.au

अपने स्थानीय स्कूल का नक्शा ढूँढने के लिए अपना पता या पोस्टकोड लिखें व "Nearby schools" पर Intensive English Centre का बटन चुनें।



अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने स्थानीय प्राईमरी स्कूल के प्रिंसीपल या अपने पसन्द के सेकन्डरी स्कूल से संपर्क करें।

यदि अपने प्रश्न के बारे में आपको अंग्रेज़ी में मदद चाहिए तो कृपया **टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा** को 131 450 पर फ़ोन करें, उनको बताएँ की आपको कौनसी भाषा में दुभाषिया चाहिए। इस सेवा के लिए आपको कोई ख़र्चा नहीं देना होगा।

# रुचि प्रदर्शन के फ़ॉर्म को पूरा करना

## अपने स्थानीय स्कूल और/या अधिकतम 3 गैर-स्थानीय स्कूलों के लिए रुचि प्रदर्शन के फ़ॉर्म को पूरा करके आप बता सकते हैं कि आप अपने बच्चे को किस स्कूल में भेजना चाहेंगे।

Year 7 में अपने बच्चे का नामांकन करवाने के लिए तीन कदम लेने होंगे:

## कदम 1: अपनी पसन्द के सरकारी स्कूल(लों) में स्थान पाने के लिए रुचि प्रदर्शन के फ़ॉर्म को पूरा करें

### अगले वर्ष NSW के सरकारी स्कूल के Year 7 में स्थान पाने का निवेदन करने वाले माता-पिता व देखभाल कर्ताओं को यह फ़ॉर्म अंग्रेज़ी में भरना चाहिए।

वर्तमान में NSW सरकारी प्राईमरी स्कूलों में नामांकित विद्यार्थियों के लिए रुचि की अभिव्यक्ति फॉर्म को आप ऑनलाइन पूरा कर सकते/ती हैं या संलग्न कागजी फॉर्म को पूरा कर सकते/ती हैं और इसे अपनी संतान के प्राईमरी स्कूल में वापस कर सकते/ती हैं। जो विद्यार्थी वर्तमान में NSW सरकारी प्राईमरी स्कूल में नामांकित नहीं हैं, आप रुचि की अभिव्यक्ति फॉर्म को ऑनलाइन भर सकते/ती हैं या इस फॉर्म को NSW सरकारी माध्यमिक विद्यालय में वापस कर सकते/ती हैं जिसमें आप अपनी संतान का नामांकन कराना चाहते/ती हैं।

**सभी रुचि प्रकटन फ़ॉर्म अन्तिम तिथि पर या उससे पहले लौटाने अनिवार्य है।**

## कदम 2: नामांकन के लिए आवेदन पत्र को पूरा करें

एक बार जब आपके बच्चे को किसी स्कूल में स्थान दिया जाता है तो आपसे कहा जाएगा कि **NSW के सरकारी स्कूल में नामांकन के लिए आवेदन-पत्र** को पूरा करें। यह आपको सत्र 2 या सत्र 3 में भेजा जाएगा।

आवेदन ऑनलाइन या पेपर फॉर्म भरकर पूरा किया जा सकता है जो आपको टर्म 2 या टर्म 3 के दौरान भेजा जाएगा।

कृपया इस फ़ॉर्म में सभी प्रश्नों के उत्तर दें व जल्द से जल्द वापस भेज दें।

आपके आवेदन-पत्र पर सोच-विचार व स्वीकृति के बाद नामांकन के बारे में अन्तिम निर्णय स्कूल के प्रिन्सीपल द्वारा लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए प्रिन्सीपल आपसे संपर्क कर सकते हैं।

आपको एक ईमेल या पत्र मिलेगा जिसमें बताया जाएगा कि आपके बच्चे को नामांकन के लिए स्वीकृति मिली है या नहीं।

## कदम 3: अपने नए स्कूल के बारे में जानें

जब आपको अपने बच्चे के नामांकन की पुष्टि मिल जाती है तो यह आवश्यक है कि अपने बच्चे को Year 7 में जाने संबंधी सहायता देने के लिए आप नए स्कूल के बारे में जानें।

जो विद्यार्थी आने वाले वर्ष में Year 7 आरम्भ करेंगे, स्कूल द्वारा उनके लिए स्थानान्तरण गतिविधियों व ओरिएंटेशन दिन का आयोजन किया जाएगा। नवम्बर के अंत/दिसंबर की शुरूआत में आयोजित इस ओरिएंटेशन दिन पर माता-पिता व देखभाल कर्ताओं को आमंत्रित किया जाता है, जो अक्सर दिसम्बर के आरम्भ में आयोजित किया जाता है। यह आपके बच्चे को सेकन्डरी स्कूल में शिक्षा व विषयों, अध्यापकों, कक्षाओं व स्कूल की कार्यविधियों के बारे में जानने में सहायता करता है व अन्य नए विद्यार्थियों से मिलने का अवसर प्रदान करता है।

आपका नया स्कूल ओरिएंटेशन के दिन की तारीख़ के बारे में आपको बताएगा, तथा यूनिफ़ॉर्म, स्कूल आने के विकल्पों की जानकारी व अन्य आवश्यक विवरण भी देगा।

यदि आपको अधिक जानकारी चाहिए तो कृपया प्रिन्सीपल को फ़ोन करें। यदि आपको दुभाषिए की मदद चाहिए तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को **131 450** पर फ़ोन करें और उनको बताएँ की आपको दुभाषिए की आवश्यकता है। ऑपरेटर फ़ोन पर दुभाषिए का प्रबंध करेगा जो बातचीत करने में आपकी मदद करेगा। इस सेवा के लिए आपको कोई ख़र्चा नहीं देना होगा

## वह जानकारी जो आपके नए स्कूल को आपके बच्चे को पढ़ाई करने व सहायता देने में मदद करेगी

यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने नए स्कूल को अपने बच्चे की पढ़ाई व सहायता संबंधी ज़रूरतों की जानकारी प्रदान करें। यह अत्यावश्यक है कि आपके बच्चे को जो भी एलर्जी हैं या अन्य मेडिकल समस्याएँ हैं, आप उनके बारे में स्कूल को बताएँ।

इसमें यह जानकारी शामिल है पर यहीं तक सीमित नहीं है कि क्या आपके बच्चे को ऐनाफिलेक्सिस (गम्भीर एलर्जी ), दमा, डाईबीटीज़ है या मिरगी के फ़िट आते हैं।

यदि आपके बच्चे में ऐनाफिलेक्सिस के लक्षण पाए गए हैं तो कृपया अपने बच्चे के नए स्कूल को आपके द्वारा अभी उपयोग किए जा रहे ASCIA Action Plan for Anaphylaxis प्रदान करें, जो आपके बच्चे के डॉक्टर द्वारा पूरा किया गया हो व जिस पर डॉक्टर के हस्ताक्षर हों।

ASCIA Action Plan के साथ स्कूल को एड्रेनलिन ऑटोइन्जेक्टर भी चाहिए होगा जिससे आपात स्थिति में स्वास्थ्य प्रतिक्रिया के प्लैन में दिए गए विवरण के अनुसार बच्चे को सहायता दी जा सके। कृपया स्कूल को दिए गए एड्रेनलिन ऑटोइन्जेक्टर पर दी गई अन्तिम तिथि को नोट कर लें व समय से पहले नया उपकरण स्कूल को प्रदान करें।

## रुचि की अभिव्यक्ति फॉर्म को पूरा करने में आपकी सहायता के लिए जानकारी

### सेक्शन A

कृपया अपने बच्चे का निजी विवरण पूरा करें व **सेक्शन A** में घोषणा पर हस्ताक्षर करें।

### सेक्शन B

**सेक्शन B** में आपके नियत स्थानीय स्कूल का नाम बताया जाएगा, जो कि आपके बच्चे के घर के पते पर आधारित होगा। उसके स्थानीय स्कूल में स्थान पाना आपके बच्चे का अधिकार है।

यदि आप केवल अपने स्थानीय स्कूल में स्थान चाहते हैं तो कृपया **सेक्शन B** में हस्ताक्षर करें और अन्तिम तिथि तक फ़ॉर्म को भेज दें। अब आपने फॉर्म भर दिया है।

यदि आपने अकादमिक तौर पर चयनित स्कूल के लिए आवेदन किया है, और आप चाहते/चाहती हैं कि असफल होने की स्थिति में आपकी संतान स्थानीय स्कूल में भाग ले, तो **सेक्शन B** पर हस्ताक्षर करें और दिनांक लिखें।

## सेक्शन C

यदि आप अन्य स्कूलों मे स्थान चाहते हैं तो कृपया **सेक्शन C** में तीन स्कूलों के नाम अपनी पसन्द के क्रम में लिखें।

आप इस प्रकार से स्थान पाने का अनुरोध कर सकते हैं:

- विशेषज्ञ स्कूल
- सहायता कक्षा (अपने प्राईमरी स्कूल के प्रिंसीपल से बात-चीत करने के बाद), जो समर्थन क्लास के प्रकार का निवेदन करने के लिए आवेदन-पत्र जमा करेगा
- गैर-स्थानीय स्कूल

**कृपया ध्यान दें कि विशेषज्ञ स्कूलों, व ग़ैर-स्थानीय स्कूलों में नामांकन का निर्णय लेने वाले पैनेलों की आवेदन-पत्र देने के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएँ होंगी।**

यदि आपको पक्का पता नहीं है कि आपको अतिरिक्त फ़ॉर्म भर कर देने होंगे या नहीं, तो कृपया जिस स्कूल में आपकी रूचि है उनसे सीधे संपर्क करें।

**यदि आप गैर-स्थानीय स्कूल में स्थान पाने का निवेदन कर रहे हैं तो आपको एक और अतिरिक्त कदम लेना होगा।**

**स्कूलों के पास उन स्थितियों में गैर-स्थानीय नामांकनों के लिए स्थान देने से जुड़ा मानदंड होता है जहाँ मांग सीमा से नीचे उपलब्ध स्थानों से अधिक हो जाती है, इस स्थिति में स्कूलों को आवेदनों पर विचार करने के लिए चयन समिति स्थापित करनी होगी।**

यदि आप गैर-स्थानीय स्कूल में स्थान पाना चाहते हैं तो कृपया ग़ैर-स्थानीय स्कूल में स्थान लेने के कारण बताएँ, जैसे कि:

- शिक्षा-प्राप्ति और कल्याण संबंधी ज़रूरतों के लिए यथोचित समायोजन और/या अतिरिक्त शैक्षिक सहायता की आवश्यकता है
- भाई-बहन पहले से ही इस स्कूल में जाते हैं और स्पोर्ट युनिट्स में शामिल विद्यार्थियों के भाई-बहनों को प्राथमिकता दी जाती है
- स्कूल से समीपता और स्कूल तक पहुँच
- केवल लड़कियों/लड़कों का स्कूल
- चिकित्सा से संबंधित कारण
- स्कूल से पहले व बाद में आपके बच्चे की सुरक्षा या देख-रेख
- स्कूल में विषयों या विषयों के मेल की उपलब्धता
- सहानुभूतीशील स्थिति
- स्कूल की संरचना व संगठन।
- बच्चों को भर्ती करने के स्थानीय क्षेत्र में हाल ही में बदलाव होना
- स्कूल में काम करने वाले माता-पिता या देखभालकर्ता

स्कूल का नामांकन पैनल केवल इस फ़ॉर्म पर आपके द्वारा दी गई जानकारी व अन्य संबंधित कागज़ात पर ही सोच-विचार करेगा।

यदि आपके बच्चे को आपकी पसन्द 1के स्कूल में स्थान नहीं मिलता है तो आपके बच्चे को आपकी पसन्द 2 के स्कूल में लेने के लिए विचार किया जाएगा, और यदि लागू हुआ तो उसके बाद आपकी पसन्द 3 के स्कूल में लेने के लिए।

यदि आप अपनी पसन्द के स्कूल में स्थान पाने में सफल नहीं होते हैं तो स्कूल आपको सूचित करेगा। स्कूल आपको बताएगा कि आपका नाम प्रतिक्षा सूची में रखा गया है और रिक्त स्थान होने पर आपको स्थान दिया जा सकता है।

यदि आपके बच्चे को आपकी पसन्द की सूची में से किसी एक स्कूल में स्थान मिल जाता है तो आपको किसी ऐसे अन्य स्कूल में स्थान नहीं दिया जाएगा जो आपकी पसन्द में निचले नम्बर पर है।

यदि आपके द्वारा माँगे गए स्कूलों में से किसी में भी कोई स्थान उपलब्ध न हो तो आपके बच्चे के लिए **सेक्शन B** में बताए गए स्थानीय स्कूल में स्थान जगह सुरक्षित कर दिया जाएगा, यदि वह स्कूल आपके बच्चे को स्थान देने के आवेदन-पत्र को मान लेता है।

यदि आपका मानना है कि आपके साथ उचित व्यवहार नहीं हुआ है या परिणाम सही नहीं है तो आप अपील कर सकते हैं। यह अपील लिखित रूप से सेकन्डरी स्कूल के प्रिंसीपल को भेजी जानी चाहिए।

## सेक्शन D

**यदि आपने अकादमिक तौर पर चयनित स्कूल के लिए आवेदन पत्र दिया है** तो कृपया इस फ़ॉर्म के **सेक्शन D** में चौखाने पर सही का निशान लगाएँ, व **सेक्शन B**, C या **सेक्शन E** पूरा करें क्योंकि यदि आपके बच्चे को सिलेक्टिव स्कूल में स्थान नहीं मिलता है तो इस जानकारी की ज़रूरत होगी।

## सेक्शन E

**यदि आपको सरकारी स्कूल में स्थान नहीं चाहिए तो कृपया सेक्शन E पूरा करें।**

**सेक्शन E** पूरा करने से आपके बच्चे की Year 7 में स्थान पाने संबंधी कार्यवाही NSW के सरकारी स्कूलों में बन्द कर दी जाएगी।



# रुचि प्रकटन (Expression of Interest)

## NSW के सरकारी स्कूलों में Year 7 में स्थान पाना

## Placement in Year 7 in a NSW Government school.

**कृपया इस फ़ार्म को अंग्रेज़ी में भरें।**

SRN
केवल ऑफ़िस उपयोग के लिए (माता-पिता/देखभाल कर्ता इसे न भरें) (Office use only)

## A – विद्यार्थी के विषय में जानकारी (A. Student information)

**पारिवारिक नाम**
**Family name**

**दिया गया पहला नाम**
**First given name**

**मध्य (अन्य) नाम**
**Middle (other) name/s**

**लिंग** **Gender** ☐ पुरुष Male ☐ स्त्री Female

**जन्म तिथि** **Date of birth** __ __ / __ __ / __ __ __ __
*दिन* *महीना* *वर्ष*

**रिहायशी पता** *(जैसे कि: 1 High Street, Sydney, NSW, 2000)* **(Residential address)**

**माता-पिता/देखभाल कर्ता का नाम**
**Name of parent/carer**

**फ़ोन नम्बर** *(मोबाईल)*
**Phone number** *(mobile)*

**फ़ोन नम्बर** *(काम का)*
**Phone number** *(home)*

**फ़ोन नम्बर** *(घर का)*
**Phone number** *(work)*

**ईमेल पता**
**Email address**

**विद्यार्थी का वर्तमान प्राईमरी स्कूल (Student's current primary school)**

**घोषणा (Declaration)**

मैं घोषणा करता हूँ कि *रुचि प्रकटन* फ़ार्म में दी गई जानकारी मेरे ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य व पूर्ण है। मुझे यह ज्ञान है कि यदि इस आवेदन-पत्र में दिया गया बयान बाद में झूठ या भ्रामक प्रमाणित होता है तो इस आवेदन-पत्र के आधार पर लिया गया निर्णय बदल दिया जाएगा। मैं समझता हूँ कि स्कूल में स्थान पाने की इस प्रक्रिया के बाद नामांकन होना *NSW में सरकारी स्कूल में नामांकन के लिए आवेदन-पत्र (Application to Enrol in a NSW Government School)* पर सोच-विचार व स्वीकृति पर निर्भर करेगा।

**माता-पिता/देखभाल कर्ता के हस्ताक्षर (Signature of parent/carer)**

**बड़े अक्षरों में नाम (Print name)**

**तिथि**
**Date** __ __ / __ __ / __ __ __ __
*दिन* *महीना* *वर्ष*

## B – अपने स्थानीय सरकारी स्कूल में स्थान मिलना (B. Placement at local government school)

**आपका स्थानीय स्कूल (Your local school)**

यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा आपके मनोनीत स्थानीय सरकारी स्कूल में जाए तो कृपया नीचे दिए गए सेक्शन में हस्ताक्षर करें।

**माता-पिता/देखभाल कर्ता के हस्ताक्षर (Signature of parent/carer)**

**तिथि**
**Date** __ __ / __ __ / __ __ __ __
*दिन* *महीना* *वर्ष*

यदि आपने ऊपर हस्ताक्षर किए हैं और आप चाहते/चाहती हैं कि आपकी संतन **केवल** इस स्कूल में भाग ले, तो आपने अब यह फॉर्म भर दिया है।

## C. अन्य सरकारी स्कूलों में स्थान देने के लिए सोच-विचार किया जाए

## C. Consideration to be given to placement at other government schools

यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा किसी गैर-स्थानीय स्कूल में जाए तो आप अधिक से अधिक तीन पसन्द बता सकते हैं। आप निम्नलिखित शामिल कर सकते/सकती हैं:

- विशेषज्ञ सरकारी स्कूल। कृपया ध्यान दें कि यदि आप चाहते/चाहती हैं कि आपकी संतान को किसी विशेषज्ञ स्कूल में प्लेसमेंट के लिए ध्यान में रखा जाए तो आपको प्राईमरी स्कूल के प्रिंसिपल से सहायता लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है।
- अतिरिक्त शिक्षण और समर्थन आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए समर्थन कक्षाओं वाला स्कूल। कृपया ध्यान दें कि यह प्लेसमेंट पैनल के माध्यम से होगा। यदि आप चाहते/चाहती हैं कि आपकी संतान को समर्थन कक्षा प्लेसमेंट के लिए ध्यान में रखा जाए तो आपको प्राईमरी स्कूल के प्रिंसिपल से सहायता लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है।
- अन्य गैर-सरकारी स्कूल। कृपया इस पृष्ठ के निचले भाग पर (और यदि आवश्यक हो तो पृष्ठ 7 पर) गैर-स्थानीय प्लेसमेंट(टों) के लिए अपने कारण दर्शाएँ।

मैं निम्नलिखित सरकारी स्कूलों में अपने बच्चे के लिए स्थान चाहता हूँ:

| | |
|---|---|
| **पसन्द 1 स्कूल**<br>Choice 1 school | |
| **पसन्द 2 स्कूल**<br>Choice 2 school | |
| **पसन्द 3 स्कूल**<br>Choice 3 school | |

मैं समझता हूँ कि यदि मेरे बच्चे को ऊपर दिए गए किसी स्कूल में जगह नहीं मिलती तो उसे सेक्शन B में दिए गए नियोजित स्थानीय स्कूल में जगह दी जाएगी।

**माता-पिता/देखभाल कर्ता के हस्ताक्षर (Signature of parent/carer)**

**तिथि**
**Date** __ __ / __ __ / __ __ __ __
*दिन* *महीना* *वर्ष*

## केवल प्राइमरी स्कूल के प्राध्यापक के उपयोग के लिए (Primary school principal use only)

Primary school principals may wish to include comments to assist secondary school principals make placement decisions. These comments should refer to the reasons given by parents and carers.

**Signature of primary school principal**

**Date** __ __ / __ __ / __ __ __ __
*day* *month* *year*

**यदि आप ग़ैर-स्थानीय सरकारी स्कूल में आवेदन-पत्र भेज रहें हैं तभी निम्नलिखित जानकारी को पूरा करें। यदि आप विशेषज्ञ स्कूलों, या सहायता कक्षा के लिए आवेदन-पत्र दे रहें हैं तो आपको यह सेक्शन भरने की आवश्यकता नहीं है।** यदि ज़रूरत हो तो आप ग़ैर-स्थानीय स्कूल में स्थान के लिए आपके निवेदन में मदद के लिए अतिरिक्त जानकारी संलग्न कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 2 व 3 देखें।

**पसन्द 1 स्कूल का नाम**
**Name of Choice 1 school**

कृपया इस स्कूल में स्थान पाने के लिए (स्कूल में नामांकन के लिए विशिष्ट मानदंड को देखें) अपने कारणों की रूपरेखा दें।

## C (जारी) C. (continued)

**पसन्द 2 स्कूल का नाम**
**Name of Choice 2 school**

कृपया इस स्कूल में स्थान पाने के लिए (स्कूल में नामांकन के लिए विशिष्ट मानदंड को देखें) अपने कारणों की रूपरेखा दें।

**पसन्द 3 स्कूल का नाम**
**Name of Choice 3 school**

कृपया इस स्कूल में स्थान पाने के लिए (स्कूल में नामांकन के लिए विशिष्ट मानदंड को देखें) अपने कारणों की रूपरेखा दें।

## D – अकादमिक सिलेक्टिव स्कूल (D. Academically selective school)

☐ मैंने अकादमिक सिलेक्टिव स्कूल में स्थान के लिए आवेदन-पत्र दिया है। मेरा बच्चा सिलेक्टिव हाई स्कूल की परीक्षा में बैठेगा।
I have submitted an application for placement in an academically selective school. My child will be sitting for the Selective High Schools test.

*यदि आपका बच्चा इस/इन स्कूल/लों में स्थान पाने में सफ़ल नहीं होता है तो कृपया इस फ़ॉर्म के सेक्शन B, सेक्शन C या सेक्शन E भी पूरे करें।*

## E – स्कूल में जगह नहीं चाहिए (E. Placement not required)

मैं पुष्टि करता/ती हूँ कि मेरी संतान अगले साल NSW सरकारी स्कूल में प्लेसमेंट की माँग नहीं करेगा/गी। मैंने इस सब्मीशन के बारे में जानकारी पढ़ और समझ ली है, जिसमें निजी जानकारी का संग्रहण शामिल है। मेरा बच्चा निम्नलिखित स्कूल में जाएगा।*
I confirm that my child will not be seeking placement at a NSW Government school next year. I have read and understood the information about this submission including the collection of personal information. My child will be attending the following school.*

**माता-पिता/देखभाल कर्ता के हस्ताक्षर (Signature of parent/carer)**

**तिथि**
**Date** __ __ / __ __ / __ __ __ __
*दिन* *महीना* *वर्ष*

*यह जानकारी देना आवश्यक नहीं है पर यदि आप देते हैं तो हम आपके आभारी होंगे।.

### गोपनीयता विवरण (Privacy Statement)

NSW सरकारी स्कूल में **Expression of Interest – Placement in Year 7 (रुचि की अभिव्यक्ति फ़ॉर्म - कक्षा 7 में प्लेसमेंट)** शीर्षक वाले इस फ़ॉर्म पर प्रदान की गई व्यक्तिगत जानकारी NSW सरकारी स्कूलों में संभावित Year 7 नामांकन आवेदनों के समन्वय के उद्देश्य से एकत्र की जा रही है। NSW Department of Education (**the Department**) को प्रदान की गई कोई भी जानकारी NSW गोपनीयता कानूनों के अनुरूप प्रयुक्त, प्रकटीकृत और संग्रहीत की जाएगी।

सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा और बाल संरक्षण कानून के तहत देखभाल और अन्य कानूनी दायित्वों और कार्यों के अपने कर्तव्य को पूरा करने और राष्ट्रमंडल - राज्य वित्त पोषण समझौतों के तहत डेटा संग्रह और रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए **the Department (विभाग)** को कुछ जानकारी की आवश्यकता होती है। इनमें विद्यार्थी परिणामों का मूल्यांकन और आकलन शामिल हो सकता है।

उपरोक्त उद्देश्यों के लिए और कानून द्वारा अधिकृत या आवश्यक होने पर NSW राज्य और राष्ट्रमंडल सरकारी एजेंसियों और अन्य संगठनों को जानकारी का खुलासा किया जा सकता है।

जानकारी एक सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस पर संग्रहीत की जाएगी। आप अपनी संतान के स्कूल से संपर्क करके जानकारी तक पहुँच सकते/ती हैं या उसे सही कर सकते/ती हैं। यदि आपको एकत्र की गई जानकारी या इसका उपयोग या खुलासा कैसे किया गया है, इसके बारे में कोई चिंता या शिकायत है, तो आपको स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

यदि आप निवेदन की गई कुछ जानकारी प्रदान नहीं करना चुनते/ती हैं तो इसका आपकी संतान के नामांकन, स्कूल के संसाधनों या आपकी संतान की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

आपकी संतान के NSW सरकारी स्कूल में नामांकित होने के दौरान जानकारी एकत्र करने के और हम आपकी गोपनीयता की रक्षा कैसे करते हैं, इसके बारे में अधिक जानकारी Department (विभाग) की वेबसाइट या आपके स्कूल से उपलब्ध है। आप the Department (विभाग) की गोपनीयता संग्रह सूचना की एक प्रति https://education.nsw.gov.au/content/dam/main-education/about-us/rights-and-accountability/media/documents/privacy/collection-notice.pdf पर प्राप्त कर सकते/ ती हैं।

उन विद्यार्थियों के लिए जिनका नामांकन अभी सरकारी प्राईमरी स्कूल में है, कृपया यह फ़ॉर्म आप अपने बच्चे के प्राईमरी स्कूल में दे दें। वे विद्यार्थी जिनका नामांकन अभी सरकारी प्राईमरी स्कूल में नहीं है, कृपया उनके लिए यह फ़ॉर्म आप उस सरकारी सेकन्डरी स्कूल में दे दें जो आपकी प्रथम पसन्द हो। **सभी रुचि प्रकटन फ़ॉर्म अन्तिम तिथि पर या उससे पहले लौटाने अनिवार्य है।**



हम सभी एबोरिजनल लोगों की मातृभूमियों को स्वीकृत करते हैं और राष्ट्र को हमारा सम्मान अदा करते हैं।

**Say hello**

@NSWDepartmentofEducation
@NSWEducation
@NSWEducation
education.nsw.gov.au

© 2025 NSW Department of Education
GPO Box 33, Sydney NSW 2001 Australia
Phone: 1300 679 332

NSW GOVERNMENT